अप्रोच रोड की मांग को लेकर जन आक्रोश मार्च निकाल कर पुतला दहन

दानापुर (आससे)। यहां नकटा दियारा को गंगा पर निर्माणाधीन दीघा – सोनपुर छह लेन पुल की स्लिप रोड



से जोड़ने वाली अप्रोच रोड बनाने की मांग को लेकर दियारा विकास संघ द्वारा आज दानापुर में जन आक्रोश मार्च निकालकर सरकार एवं मंत्रियों का पुतला दहन किया गया।

इसका नेतृत्व करते हुए दानापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी व समाजसेवी सुश्री वर्षा ने कहा कि कई सालों से नकटा दियारा की जनता अप्रोच रोड की मांग कर रही है, लेकिन अब तक निर्माण की स्पष्ट समय–सीमा सामने नहीं आई है। सड़क संपर्क के अभाव में लोगों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि दियारा क्षेत्र की अन्य गंभीर समस्याएं – गंगा कटाव से सुरक्षा, रिंग बांध का निर्माण, विद्यालय एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, सुरक्षित नाव सेवा, पीपा पुल के स्थान पर स्थायी पुल और तीन पंचायतों से जुड़ा प्रशासनिक मुद्दों की लंबे समय से समाधान की मांग कर रहे हैं।

सुश्री वर्षा ने सांसद, विधायक तथा केंद्र और बिहार सरकार से सवाल किया कि दियारा की जनता की बुनियादी सुविधाओं के लिए आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि अप्रोच रोड की डीपीआर तैयार कर बजट आवंटन, प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति और निर्माण की समय–सीमा सार्वजनिक की जाए तथा निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाए।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता रोहित, राजेश सहित दियारावासी इस आंदोलन में शामिल रहे। वहीं, वर्षा ने कहा कि 卐हमारी मुख्य मांग स्पष्ट है— दानापुर सह नकटा दियारा अप्रोच रोड का निर्माण जल्द शुरू हो। दियारा की जनता को केवल आश्वासन नहीं, धरातल पर काम चाहिए। तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ससुराल से महिला लापता अनहोनी की आशंका

पटना सिटी (आससे)। आलमगंज थाना के चैलीटाड़ निवासी सुरेश कुमार ने इसी थाना के आइडीएच



कॉलोनी स्थित बेटी मेघा कुमारी के ससुराल से लापता होने व दहेज के लिए बेटी की हत्या करने की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज करायी है,. इसमें पुलिस को बताया है कि बीते 16 अक्तूबर को सूचना मिली कि बेटी ने महात्मा गांधी सेतु की पाया संख्या 42 से कूद कर जान दे दिया है. इसके बाद बेटी के ससुराल पहुंचे पिता ने देखा कि ससुराल पक्ष के लोग दरवाजा पर बैठे है।. बेटी का सामान वहां पर रखा है. पिता का कहना है कि बेटी खुदकुशी नहीं कर सकती है.पिता ने आशंका जताया है कि आशंका है कि दहेज के लिए प्रताड़ित हो रही बेटी की जान मार लाश छिपा दिया गया है. ।इस संबंध में आलमगंज थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. इसमें पति साहुल व राहुल के साथ ससुराल के अन्य पक्ष को आरोपित किया गया है. मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं पर उठे सवाल

पटना (आससे)। बिहार 7 पटना स्नातक निर्वाचक क्षेत्र, 2026 के अंतर्गत बूथ संख्या 22, नोट्रेडम हाई स्कूल, दीघा पूर्वी में मतदान के दौरान व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई। मतदान केंद्र पर पदाधिकारी से पूछने पर बताया गया कि वहाँ व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद बिना व्हीलचेयर के सहारे मतदान केंद्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मामले में पत्रकारों एवं बिहार निर्वाचन आयोग से संज्ञान लेने की अपील की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर सहित आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ, ताकि कोई भी मतदाता सहायता के अभाव में मतदान करने में कठिनाई का सामना न करे।



पूजा समिति को किया गयासम्मानित

पटना सिटी (आससे)। दुर्गा पूजा में मूर्ति विसर्जन को लेकर आयी देवी प्रतिमाओं, झांकियों व बैंड बाजा को पुरस्कृत किया गया. । इस मौके पर ग्रेट अशोक सेवा समिति गौरी शंकर मंदिर के पास चुन्नू चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रतनेश कुमार ने की। आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन सिंह ,डॉ अजय प्रकाश,राजेश्वर राय , समिति के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सचिव मुकेश कुमार ठाकुर ,बाबू भाई, गणेश कुमार,शाहिद अंसारी, पवन कुमार बबलू,अश्वनी कुमार उपस्थित थे।.

आयोजन में 30 पूजा समिति को सम्मानित किया गया. इसी प्रकार भद्रघाट मुख्य द्वार पर श्री नवयुवक समिति की ओर से श्री दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन मेला में संरक्षक सह पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा,अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा व शशि शर्मा ने मूर्ति विसर्जन में आकर्षक, अनुशासित, शांति, सदभाव, एकता बनाए रखने, झांकी, बैंड बाजा, मूर्ति कला, तोरण द्वार को सम्मानित किया।

कुंदन की हत्या में दो गिरफ्तार

पटना सिटी (आससे)। खाजेकला थाना के गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच 21 अक्तूबर की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक युवक व किशोर को पकड़ा है। इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि हत्या के उदभेदन के लिए डीएसपी शिव शंकर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित हुई थी।. गठित टीम ने छापेमारी कर घसियारी टोला निवासी रविशंकर मिश्र के 22 वर्षीय पुत्र अविनाश मिश्र उर्फ गोलू गिरफ्तार किया गया।. गिरफ्तार गोलू की निशानदेही पर पुलिस ने एक किशोर को निरूद्ध किया।. पुलिस ने घटना में उपयोग हथियार देसी कट्टा व तीन गोली बरामद किया है।.सिटी एसपी के अनुसार विसर्जन शोभायात्र में नाच गाना के दौरान हुए विवाद में घटना हुई थी. पुलिस मामले में शामिल अन्य की तलाश में छापेमारी कर रही है।

मनोरंजन का सुंदर समन्वय है वंदना सहाय का बाल साहित्य : सिद्धेश्वर

पटना(आससे)। साहित्यिक संस्था भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तत्त्वावधान में आयोजित कथा एवं बाल साहित्य सम्मेलन का गूगल मीट के माध्यम से यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धेश्वर ने कहा –

बाल कविता बच्चों को भाषा सिखाने का एक प्रभावी साधन है। कविता के माध्यम से बच्चों का शब्द–भंडार बढ़ता है, उच्चारण में सुधार होता है और भाषा के प्रति प्रेम विकसित होता है। चर्चित लेखिका वंदना सहाय ने अपनी एक बाल कहानी और तीन बाल कविताओं का पाठ किया।

उन्होंने कहा कि वंदना सहाय के बाल साहित्य में बाल–सुलभ जिज्ञासा, सहजता, कल्पनाशीलता और मनोरंजन का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। उनकी रचनाएँ बच्चों के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए सहज, रोचक और प्रभावशाली ढंग से अपनी बात कहती हैं।'हेलो फेसबुक बाल साहित्य एवं कथा सम्मेलन' में रशीद गौरी ने बाल कविता, डॉ. अनुज प्रभात ने कहानी, वंदना सहाय ने एक बाल कहानी और तीन बाल कविताएँ, प्रज्ञा कुमारी ने एक बाल कथा तथा सिद्धेश्वर, संतोष मालवीय, राज प्रिया रानी, विजया कुमारी मौर्या, नंद कुमार आदित्य, सुधा पांडेय और कवि सालिक राम पटेल ने बाल कविताओं का पाठ कर मंच को सुशोभित किया।

इनके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से सेवा सदन प्रसाद, सुनीता वर्मा, शंकर भगवान मनीष राय , रीता तिवारी, बीना गुप्ता, सुनील कुमार उपाध्याय आदि रचनाकारों की भी भागीदारी रही। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ लेखिका वंदना सहाय ने कहा कि आज नए–पुराने सभी रचनाकारों का बाल साहित्य काफी समृद्ध दिखाई दिया। निश्चित रूप से बाल साहित्य के सृजन में विकास हुआ है और समय के साथ इसके विषयों में भी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार सिद्धेश्वर इस मंच के माध्यम से नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, वे नए और पुराने रचनाकारों को एक–दूसरे से सीखने का अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह मंच अपनी विशिष्ट कार्यशैली के कारण सबसे अलग है। यहाँ लेखकों के बीच सम्मान–पत्र नहीं बाँटे जाते, बल्कि ज्ञान का आदान–प्रदान होता है। गोष्ठी का समापन संस्था की उपनिदेशक राज प्रिया रानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

फुलवारी-संपतचक में स्नातक-शिक्षक निर्वाचन का मतदान संपन्न

फुलवारी शरीफ. बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को



फुलवारी शरीफ और संपतचक में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ. फुलवारी शरीफ में तीन और संपतचक में दो मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतदान के दौरान केंद्रों के आसपास राजनीतिक कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ लगी रही. कुछ स्थानों पर आरोप–प्रत्यारोप को लेकर गहमागहमी भी हुई, लेकिन पुलिस और प्रशासन की निगरानी में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया.

फुलवारी शरीफ प्रखंड परिसर स्थित मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति तक स्नातक निर्वाचन के बूथ संख्या 20 पर 41.42 प्रतिशत और बूथ संख्या 21 पर 48.34 प्रतिशत मतदान हुआ. दोनों बूथों पर कुल 2495 मतदाता थे. इनमें 1726 पुरुष और 779 महिला मतदाता शामिल थे. वहीं शिक्षक निर्वाचन के बूथ संख्या 12 पर 52.47 प्रतिशत मतदान हुआ.

फुलवारी शरीफ अंचल कार्यालय स्थित शिक्षक निर्वाचन के बूथ संख्या 12 पर कुछ मतदाताओं ने पहचान पत्र की जांच को लेकर सवाल उठाये. जनसुराज की प्रत्याशी दिव्या ज्योति ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर फर्जी मतदान की आशंका जताते हुए जांच की मांग की. शिकायत की सूचना पर एएसपी नारायण उपाध्याय पुलिस बल के साथ केंद्र पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पहचान पत्र की जांच के बाद ही मतदाताओं को मतदान की अनुमति दी जा रही है.

इधर, मतदान केंद्र के बाहर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया. उनका आरोप था कि चुनाव में लगे एक पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं पर एक खास क्रम में मतदान करने का दबाव बनाया जा रहा है. सूचना पर पहुंचे फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शाहबाज आलम ने स्थिति को संभाला. प्रशासन ने आरोपों को खारिज करते हुए मतदान प्रक्रिया नियमों के अनुसार होने की बात कही. राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने भी मतदान किया और कहा कि बिहार में परिवर्तन की जरूरत है.

संपतचक प्रखंड कार्यालय में शिक्षक निर्वाचन के लिए बूथ संख्या 11 और स्नातक निर्वाचन के लिए बूथ संख्या 19 बनाया गया था. शिक्षक बूथ पर कुल 69 मतदाताओं में 45 ने मतदान किया, जिससे करीब 65.2 प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं स्नातक बूथ पर कुल 958 मतदाता थे, जिनमें 532 ने मतदान किया. इनमें 417 पुरुष और 117 महिला मतदाता शामिल थे. यहां करीब 55.5 प्रतिशत मतदान हुआ.

कौमुदी महोत्सव कल तैयारियों का लिया जायजा

पटना सिटी (आससे)। गुलजारबाग स्टेडियम मैदान में 25 अक्टूबर रविवार को कला संस्कृति



एवं युवा विभाग, जिला प्रशासन के सहयोग व पाटलिपुत्र परिषद की सहभागिता से शरद पूर्णिमा उत्सव कौमुदी महोत्सव होगा,. इसकी तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण सह बैठक एसडीओ कशिश बक्शी व विधायक रत्नेश कुमार ने की।. बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, महासचिव संजीव कुमार यादव, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत नारायण कुशवाहा,भाजपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्षा सरोज जायसवाल, पार्षद किरण मेहता, रूप नारायण, प्रभाकर मिश्रा,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन सिन्हा,विनोद किसलय,अवधेश कुमार समेत उपस्थित थे। इस मौके पर. विधायक ने कहा कि कौमुदी महोत्सव पटना सिटी की सांस्कृतिक परंपरा है. एसडीओ ने बताया कि महोत्सव को लेकर तैयारी की गयी है. इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की ओर से दी जायेगी।. परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि आयोजन में नौ रत्न को सम्मानित किया जायेगा।

युवक को गोली मारने में एक गिरफ्तार,मिला हथियार

पटना सिटी (आससे)। आलमगंज थाना अंतर्गत बड़ी पटनदेवी कॉलोनी के पास गुरुवार की रात मोनू कुमार गोप को गोली मार घायल करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. । इस संबंध में एएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि इस मामले में दो युवक में एक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की निशानदेही पर पुलिस टीम ने देसी पिस्टल, दो मैगजीन और दो गोली बरामद किया है. जबकि फरार की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

मजलिस–ए–अय्याम फातमिया में तकरीर

पटना सिटी (आससे)। मोगलपुरा छोटी बाजार स्थित इमामिया मसजिद इमामबाड़ा में गुलामाने शहज़ादी–ए–कौनैन की ओर से आयोजित चार दिनों की मजलिस – ए– अय्याम फ़ातमिया के जीवन दर्शन पर शुक्रवार को भी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आये मौलाना सैयद मो हसनैन बाक़री की तकरीर की। इस संबंध में कमेटी के महासचिव सैयद अनीस हसन ने बताया कि सात वर्षो से हो रहे आयोजन में शनिवार को महिलाओं की मजलिस की मजलिस के उपरांत शबीहे ताबूत शहज़ादी–ए–कौनैन बरामद किया जायेगा.

पाटलिपुत्र विव का 28वीं वित्त समिति की बैठक

पटना (आससे)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की 28वीं वित्त समिति की बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय एवं उसके अधीनस्थ महाविद्यालयों के बजट से संबंधित पिछली बैठक के निर्णयों को स्वीकृति प्रदान की गई।



बैठक में प्रमोशन सेल से प्राप्त प्रस्तावों पर भी विस्तार से विचार किया गया। इनमें शैक्षणिक पुस्तिकाओं (ष्ड्डस्र्दद्दद्बष्‌ ङ्कश्चद्बह्वद्ग) के मूल्यांकन के लिए विषय विशेषज्ञों के मानदेय की दर निर्धारित करने का प्रस्ताव प्रमुख था। इसके अतिरिक्त चयन समिति एवं स्क्रीनिंग समिति की बैठकों में शामिल होने वाले कुलाधिपति के नामित प्रतिनिधि, राज्य सरकार के प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ, संकायाध्यक्ष तथा विभागाध्यक्ष सहित विभिन्न सदस्यों के मानदेय की दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। विशेषज्ञों के आवास एवं यात्रा व्यय से संबंधित प्रावधानों पर भी चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि 28वीं वित्त समिति की बैठक कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण रही। इसमें लंबे समय से लंबित विषयों पर विचार–विमर्श कर भुगतान प्रक्रिया से जुड़ी कठिनाइयों को दूर करने तथा आवश्यक नियमों एवं शर्तों में स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में सार्थक पहल की गई है।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के वित्तीय एवं प्रशासनिक मामलों को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के विचार–विमर्श से विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में स्पष्टता आएगी तथा शिक्षकों और कर्मचारियों को होने वाली कठिनाइयों के समाधान में मदद मिलेगी।

बैठक में वित्तीय सलाहकार शशि रंजन, वित्त अधिकारी सुबोध कुमार वर्मा, टी.पी.एस. कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य, जे.डी. वीमेंस कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो. मीरा कुमारी, प्रोमोशन सेल इंचार्ज प्रो रश्मि अखौरी, डीएसडब्ल्यू प्रो. राजीव रंजन, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो. कृष्णनंदन प्रसाद, , कुलपति के ओएसडी डॉ. शोला चन्द्रा तथा मीटिंग इंचार्ज डॉ. मुकेश कुमार उपस्थित थे।

Arcil
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएन नं.-यू 65999 एमएच 2002 पीएलसी 134884 *वेबसाइट: www.arcil.co.in
पंजीकृत कार्यालय: द रूबी, 10वीं मंजिल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028 । दूरभाष । सं.: 022-66581300

डिमांड नोटिस

चूंकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) के आधिकृत अधिकारी (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करना) (इसके बाद ''एआरसीआईएल'' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत शामिल है और एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके पश्चात ''सरफेसी अधिनियम'' के रूप में संदर्भित) और जबकि उधारकर्ता (ओ)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) के रूप में नीचे के कॉलम नंबर 2 में उल्लेख किया उल्लिखित चार्ट में मूल उधारदाताओं के ऋण प्राप्त किया और जबकि एआरसीआईएल ने ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है यहां नीचे उल्लेख किया गया है और जबकि एआरसीआईएल सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेदान है। और के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के नियम 2 के साथ सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता(ओं) को बुलाते हुए मांग नोटिस जारी किया/सह-उधारकर्ता (ओ)/गारंटर(ओं) जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, नोटिस में उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर और आगे ब्याज के साथ चुकाने के लिए नोटिस की तारीख से,लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ पर नोटिस नहीं दिए जा सके।

क्रं. सं.	लेन/मूल ऋणदाता का नाम डिमांड नोटिस की तारीख/ट्रस्ट का नाम	उधारकर्ता(ओ)/सह-उधारकर्ता (ओं)/गारंटर	कुल बकाया भारतीय रुपये की मांग नोटिस की तारीख सं
1.	एलएएन: HLO5MUZ000067340 मूल ऋणदाता : मं. चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि 24.09.2026 ट्रस्ट का नाम : आर्किल-ट्रस्ट-2026	श्री/श्रीमती सुशांत कुमार झा श्री/श्रीमती दीपक झा श्री/श्रीमती अंजु का सभी निवासी-वार्ड नं.-3 येहीयारपुर इंदिरा नर्सिंग होम, चक मोहब्बत मुजफ्फरपुर, इंदिरा नर्सिंग होम मुसाहारी बिहार-842002, यहां भी खाता सं.-35, खेसरा नं.-261, 262, 263, थाना सं.-99 समस्तीपुर गढ़सिसिया विद्यापतिनगर, समस्तीपुर हनुमाननगर मंदिर समस्तीपुर-848503	24.09.2026 को 15,93,292.27 रुपये
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण : खाता सं.-35, खेसरा सं.-261/262/263, मौजा समस्तीपुर, परगना-बालागच, थाना-विद्यापतिनगर थाना सं.-99, अंचल-विद्यापतिनगर, सब रजिस्ट्री-दलसिंगसराय, जिला-समस्तीपुर, राज्य बिहार-848501 साईट के तहत/वास्तवित उत्तर-चंदन कुमार झा का घर, दक्षिण-शैलेन्द्र कुमार झा का घर, पूरब-10 फीट पीसीसी रोड, पश्चिम-परमानंद झा का घर, डीड के अनुसार उत्तर-चंदन कुमार झा, दक्षिण-शैलेन्द्र कुमार झा, पूरब-सोलिंग रास्ता, पश्चिम-सीमा आलमपुर		
2.	एल.ए.एन. HL25SMR000075793 मूल ऋणदाता : मं. चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड मांग सूचना की तिथि : 24.09.2026 ट्रस्ट का नाम : अर्सिल-ट्रस्ट-2026-028	श्री/श्रीमती प्रवीण कुमार श्री/श्रीमती उमा देवी सभी निवासी-वास्ते सुशील कुमार सिंह, वार्ड नं.-03 भिलबास यूआरएफ गरहा सीतामढ़ी बिहार-843323, दुर्गा मंदिर रून्नीसैदपुरबिहार-843323 यहां भी : मौजा भिलवारा, थाना-रून्नीसैदपुर, थाना सं.-65, खाता सं.-193, खेसरा सं.-78, अंचल रून्नीसैदपुर सब रजिस्ट्री-बेलसंड, जिला-सीतामढ़ी बिहार, पिन-843323, एन.ए. स्कूल के निकट 780 रून्नीसैदपुर बिहार-843323	24.09.2026 को 14,87,824.15 रुपया
	अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण: खाता सं.-193, खेसरा सं.-780, मौजा-भिलवारा, अंचल रून्नीसैदपुर, सब रजिस्ट्री-बेलसंड थाना-रून्नीसैदपुर, थाना-65, जिला-सीतामढ़ी-843323, सीतामढ़ी बिहार, जांच के तहत उत्तर-अमीरीलाल राय, दक्षिण-जियालाल राय, पूरब-सड़क-ग्रामीण, पश्चिम-सड़क-ग्रामीण, डीड के अनुसार-उत्तर-सर्वे सं.-779, दक्षिण-जियालाल राय, पूरब-सड़क ग्रामीण, पश्चिम-सड़क ग्रामीण।		

नोटिस, इसलिए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओ)/गारंट(ओं) को दिया जाता है कि ऊपर उल्लेख किया गया है, उन्हें भुगतान करने के लिए कहा जाता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर, संबंधित लेन के खिलाफ ऊपर दिखाए गए कुल बकाया राशि में से। मामले में विफलता संबंधित उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा ब्याज के साथ/कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए, एआरसीआईएल करेगा सरफेसी अधिनियम के लिए धारा 13 (4) के अधीन उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा करने के लिए विवश होना। इसके अलावा, सेवा के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन विहित अन्य शिष्टाचार में सूचना। आपको ध्यान देना होगा कि उक्त बंधक को भुनाया जा सकता जा सकता है प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय एआरसीआईएल द्वारा किए गए लागत, शुल्क और व्यय के साथ देय पूरी राशि का भुगतान करने पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत रूप में बिक्री के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी या निजी उपचार के लिए।

सूचना:- सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के संदर्भ में आपको इसके द्वारा स्थानांतरित करने और/या सुरक्षित से निपटने से रोका जाता है बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके के संपत्ति।

स्थान : बिहार ह./-प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक 24.10.2026 एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, (ट्रस्टी) के रूप में क्षमता)

भगवती विन्ध्वासिनी देवी स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

पटना (आससे)। विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 49 वां भगवती विन्ध्वासिनीदेवी स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में समापन समारोह हुआ। शिविर के दौरान देश – विदेश से जुड़े संस्कृत प्रेमियों और प्रतिभागियों ने संस्कृत में भगवती विन्ध्वासिनीदेवी की महिमा का विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने किया। अध्यक्षता विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवम् आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा ने की। मुख्यातिथि के रुप में उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग श्री धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में अभियान के राष्ट्रीय संयोजिका प्रो0रागिनी वर्मा, विशिष्टातिथि के रुप में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ मधु कुमारी, उग्र नारायण झा, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा,महेश मिश्र, डॉ नीरा कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ लीना चौहान ने संस्कृत भाषा में किया। इस अवसर पर भगवती विन्ध्वासिनीदेवी स्मृति संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शिविर के सभी सदस्यों ने भगवती विन्ध्वासिनीदेवी के विषय पर संस्कृत में विचारों को व्यक्त किया। डॉ एकता वर्मा, डॉ देवेश प्रकाश आर्य एवं तारा विश्वकर्मा को प्रथम पुरस्कार, मनीष कुमार, डॉ दीप्ति कुमारी एवं मनीषा बोदरा को द्वितीय पुरस्कार, मुरलीधर शुक्ल,बीजेन्द्र सिंह विष्ट एवम् उमा हेनोते को तृतीय पुरस्कार तथा डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, डॉ रागनी कुमारी, डॉ रम्भा कुमारी, वन्दना पटेरिया एवं डॉ डिम्पल को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भगवती विन्ध्वासिनीदेवी भक्तों के भाव से प्रसन्न होतीं है।भाव ही भक्ति का पासवर्ड है अध्यक्षीय भाषण में डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि मां कदापि कुमाता नहीं हो सकती। मां विंध्यवासिनी के प्रसन्न होने पर मोक्ष भी प्राप्त हो जाता है। धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी ने भगवती विन्ध्वासिनीदेवी को संतुलन का देवी कहा। ब्रह्माण्ड को स्थिर करती है। प्रोफेसर रागिनी वर्मा ने कहा कि भगवती विन्ध्वासिनीदेवी भक्तों में आत्मविश्वास,दया, कल्याण की भावनाओं को भरने वाली देवी है। सभी विशिष्ट अतिथियों ने भगवती विन्ध्वासिनीदेवी के विशेषताओं पर प्रकाश डाला। डॉ अनिल कुमार चौबे ने भगवती विन्ध्वासिनीदेवी की महिमा का वर्णन संस्कृत गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। उग्र नारायण झा ने वैदिक मंगलाचरण, धन्यवाद ज्ञापन डॉ लीना चौहान तथा ऐक्य मन्त्र तारा विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किए।

Public Health Engineering Department
Govt. of Bihar
Public Health Division, Patna West, Patna

Short Term Request for Proposal for the work:-

"Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026-27.

RFP NIT No -14/ 2026-27/Patna West
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, P.H. Division, Patna West, Patna
2	Date of issue of Tender Notice	22.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	31.10.2026 to 07.11.2026 up to15:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	03.11.2026 at 11.30 hrs. in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Patna West, Patna
5	Last date and time of receipt (uploading) of tender	07.11.2026 up to 15:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	07.11.2026 at 16:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.
8	**Name of Work:-** "Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026 -27.	

9. **Details of works:**

Gr. No.	Name of Work	Estimated Cost (In Rs.)	Amount of Earnest Money (In Rs.)	Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.)	BSEDC Bid Processing Fee (In Rs.)	Contract Period (In Months)
1	2	3	4	5	6	7
1	"Selection of Experienced Manpower Placement Agency to Provide Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff as per Pre-defined Qualification criteria for Existing Central Grievance Redressal System" for Public Health Engineering Department under P.H. Division, Patna West, Patna for the Year 2026-27.	11,00,70,000.00	21,00,700.00 (MSME Firms are exempted for the payment of EMD)	10,000.00	11,800.00	36 Months

Sl. No.	Description	Documents To Be Attached With Technical Bid
i	The organization must be registered under any Indian Law.	Attach copy of Regist ration Certificate or Copy of Agreement.
ii	Must have registered office in Patna	Attach copy of Registration Certificate or Copy of Agreement.
iii	Must have ESI and EPF registration	Attach copy of ESI and EPF registration certificate
iv	Must have GST Registration Number	Attach copy of GST Registration
v	The agency must not be blacklisted by any department or government offices	Affidavit to Notary Public
vi	Minimum turnover must be more tha n Rs. 1000 Lakh at least in One year of last three years. FY 2023-24: FY 2024-25: FY 2025-26:	Audit Report & Balance Sheet for last three financial year with Valid UDI Number.
vii	Must have experience for Providing Call Centre Manager/ Executive/ Support Staff to Government Departments/ Government Owned Organizations (minimum 3 work order). Preference would be given to Agency who have supplied Technical Manpower (more than 25) for Call Centre of Govt./ PSUs	Attach copy of work order

Executive Engineer
Public Health Division
Patna West, Patna

PR- 014133 (PHED) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार